राम नाम जपते जाओ

जय सिया राम जय जय सिया राम
कहते है हनुमान..
कटते जाएंगे संकट कटते जाएंगे,
मिटते जाएंगे दुःख मिटते जाएंगे,
सुबह से श्याम राम राम राम राम,
बस रटते जाओ॥
जय सिया राम जय जय सिया राम

मिलते जाएंगे सुख मिलते जाएंगे,
दिन हो या रात राम नाम गुणगान,
बस गाते जाओ,
दिन हो या रात राम नाम गुणगान,
बस गाते जाओ॥
जय सिया राम जय जय सिया राम

जय सिया राम जय जय सिया राम
कहते है हनुमान
राम रसायन पास हो जिसके,
लांघे हर विपदा का सागर,
राम नाम का एक बाण बस,
भेदे लाखो दुःख के गागर,
राम नाम के दम से रस्ते बनते जाएंगे,
तरते जाएंगे पत्थर तरते जाएंगे,
दिल की कलम से राम राम राम राम,
बस लिखते जाओ,
दिल की कलम से राम राम राम राम,
बस लिखते जाओ॥

जय सिया राम जय जय सिया राम
जय सिया राम जय जय सिया राम

जय सिया राम जय जय सिया राम
कहते है हनुमान
राम नाम अति पावन प्यारा,
सरल सुगम है सबसे न्यारा,
मधुर मधुर मधु से भी मीठा,
सरस सुलभ अमृत की धारा,
इस अमृत से सबके जन्म सफल हो जाएंगे,
बढ़ते जाएंगे पुण्य बढ़ते जाएंगे,
बढ़ते जाएंगे पुण्य बढ़ते जाएंगे,
सुबह और शाम राम नाम रसपान,
बस करते जाओ,

सुबह और शाम राम नाम रसपान,
बस करते जाओ॥

जय सिया राम जय जय सिया राम
जय सिया राम जय जय सिया राम

जय सिया राम जय जय सिया राम
कहते है हनुमान
जग में वो धनवान है सबसे,
जिसने राम रतन धन पाया,
लक्ष्मी उसी के पास जिसने,
नारायण को ह्रदय में बसाया,
उसको सुख आनंद के मोती मिलते जाएंगे,
भरते जाएंगे ख़ज़ाने भरते जाएंगे,
भरते जाएंगे ख़ज़ाने भरते जाएंगे,
मन के समन्दर से बस,
राम नाम के मोती चुनते जाओ,
मन के समन्दर से बस,
राम नाम के मोती चुनते जाओ॥

जय सिया राम जय जय सिया राम........

स्वर : अनूप जलोटा

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/24461/title/ram-naam-japte-jao

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |